Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to ensure credit of Kisan Samman Nidhi in bank accounts of farmers of Mahasamund Parliamentary Constituency, Chhattisgarh-laid.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): छतीसगढ़ राज्य के लोकसभा महासमुंद क्षेत्रांतर्गत अनेकों किसानों के बैंक खाते में किसान सम्मान निधि की राशि नहीं पहुँच पा रही है । हितग्राहियों द्वारा विभागीय अधिकारियों को पूछने पर उनके द्वारा यह कहा जा रहा है कि हमने सारे रिकार्ड केंद्र सरकार को भेज दिया है । ऐसा कहकर अपना पल्ला झाड रहे है । हितग्राही काफी समय से इंतजार करते हुए परेशान होकर उम्मीदें छोड़ रहे है ।

चूंकि यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, किसानों को किसान सम्मान निधि मिले और उनकी आर्थिक दशा मे सुधार हो । लेकिन छतीसगढ़ में किसान आज योजना से वंचित होकर ठगा सा महसूस कर रहा है ।

अत: सरकार से निवेदन है कि उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए केंद्र के संबंधित विभाग से केंद्रीय जांच दल भेजकर अतिशीघ्र जांच कराने की आवश्यकता है ताकि किसानों को उक्त योजना का लाभ मिल सकें ।